

# गुजरात को पहली जीत की तलाश, दिल्ली की नजरें जीत की हैट्रिक पर

## दिल्ली में रोमांचक भिड़ंत फॉर्म में डीसी बनाम जीत को तरसती जीटी, कई खिलाड़ियों की व्यक्तिगत जंग पर रहेंगी निगाहें

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जब दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस (जीटी) का सामना करेगी.**

यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है. एक तरफ दिल्ली की टीम अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी, वहीं दूसरी ओर गुजरात की टीम इस सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश में मैदान पर उतरेगी.

सीजन की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और अपने शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर आत्मविश्वास से भरपूर नजर आ रही है. टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने संतुलित प्रदर्शन किया है, जिसका फायदा उन्हें मिला है. दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस के लिए शुरुआत निराशाजनक रही है. टीम को अभी तक जीत का स्वाद चखने का मौका नहीं मिला है, जिससे उन पर दबाव साफ नजर आ रहा है.

अगर दोनों टीमों के बीच पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो गुजरात का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है. अब तक खेले गए सात मुकाबलों में गुजरात ने चार मैच जीते हैं, जबकि दिल्ली को तीन जीत मिली हैं.




**राहुल पहले दो मैचों में वह खाता भी नहीं खोल पाए**

इस मैच में एक बड़ा आकर्षण केएल राहुल का प्रदर्शन रहेगा, जो इस सीजन में अब तक पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं. पहले दो मैचों में वह खाता भी नहीं खोल पाए और फिर सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए. ऐसे में उन पर दबाव काफी बढ़ गया है. गुजरात के खिलाफ उनका रिकॉर्ड भी बहुत खास नहीं रहा है, खासकर तेज गेंदबाजों के सामने. प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा जैसे गेंदबाजों ने उन्हें कई बार परेशान किया है. प्रसिद्ध ने उन्हें सात पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि रबाडा ने 12 पारियों में तीन बार उनका विकेट लिया है. इसके अलावा स्पिनर राशिद खान भी राहुल के लिए खतरा साबित हो सकते हैं.

### एक नजर में



**अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह भारत का अगला सर्फिंग हब**

**लिटिल अंडमान.** अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तेजी से भारत के अगले प्रमुख सर्फिंग गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं. अंडमान पर्यटन ने इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र में पहली बार राष्ट्रीय सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप, लिटिल अंडमान प्रो 2026 की मेजबानी करने जा रहा है. सर्फिंग फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया(एसएफआई) द्वारा आयोजित और अंडमान पर्यटन के पूर्ण सहयोग से होने वाली यह चैंपियनशिप 9 से 12 अप्रैल तक बटलर बे में आयोजित होगी, जो भारत के सर्फिंग मानचित्र को पारंपरिक तटीय क्षेत्रों से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. अपनी स्वच्छ तटरेखा, प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) और लगातार आने वाली लहरों (स्वेल पैटर्न) के लिए प्रसिद्ध, लिटिल अंडमान उच्च-स्तरीय सर्फिंग के लिए आदर्श परिस्थितियाँ प्रदान करता है. विशेष रूप से बटलर बे का रीफ ब्रेक देश के सबसे संभावनाशील सर्फिंग स्थलों में से एक के रूप में उभर रहा है.



**भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना दौरे पर जाने को तैयार**

**नयी दिल्ली.** भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम अप्रैल में अर्जेंटीना के दौरे पर जाने के लिए तैयार है. इस दौरे पर चार मैचों की एक सीरीज खेली जाएगी, जो 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सेनार्ड में आयोजित होगी. यह सीरीज एक बेहद कड़ा मुकाबला होने का वादा करती है, जिसमें भारत विदेशी जमीन पर दक्षिण अमेरिका के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगा. हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले हैं, जिसमें पिछले जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शूटआउट के ज़रिए 2-2 से ड्रॉ रहा एक रोमांचक मैच भी शामिल है. यह आगामी दौरा उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैच अभ्यास का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करेगा. यह हॉकी इंडिया के रणनीतिक कैलेंडर के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जिसका उद्देश्य एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 और इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम की लय को बनाए रखना है.

**वॉर्नर पर ड्रिंक एंड ड्राइव आरोप, कोर्ट में सात मई को पेशी**



**नयी दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर डेविड वॉर्नर कानूनी विवाद में फंस गए हैं. सिडनी में ड्रिंक एंड ड्राइव के आरोप में उनकी गिरफ्तारी के बाद क्रिकेट जगत में हलचल मच गई है. इस बीच पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद अब सवाल उठ रहा है कि क्या वह कराची किंग्स की कप्तानी के लिए समय पर वापसी कर पाएंगे. यह घटना रविवार शाम की है जब सिडनी के मारूब्रा इलाके में पुलिस रैंडम ब्रीथ टेस्टिंग कर रही थी.

**भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक**



**नयी दिल्ली.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने भारत के पूर्व फॉरवर्ड गिलबर्टसन संगमा के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 3 अप्रैल को गुवाहाटी में निधन हो गया. वह 70 वर्ष के थे .असम के एक जाने-माने फॉरवर्ड, गिलबर्टसन संगमा ने 1975 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था. उन्होंने 17 अप्रैल, 1975 को जकार्ता में आयोजित 'मारा हलीम कप' में इंडोनेशिया के खिलाफ अपने सीनियर राष्ट्रीय टीम करियर की शुरुआत की थी.

# राजस्थान की जीत की हैट्रिक

## गुवाहाटी में मुंबई इंडियंस को 27 रन से किया पराजित

▶ **आईपीएल-2026 में बारिश के कारण 11-11 ओवर का मैच खेला गया**

**गुवाहाटी 7 अप्रैल.** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 13वां मुकाबला मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया. बारिश के चलते ये मुकाबला केवल 11-11 ओवरों का खेला गया. जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने 27 रनों से जीत हासिल की. इस मैच में टॉस जीतकर मुंबई ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव और यशस्वी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर मुंबई के सामने 151 रनों का लक्ष्य रखा था. जिसके जवाब में उतरी मुंबई की टीम 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी. बता दें कि गुवाहाटी में भारी बारिश के चलते ये मुकाबला करीब 2.30 घंटे की देरी से शुरू हुआ था.



**मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी को जायसवाल ने तहस-नहस कर दिया. सूर्यवंशी 5वें ओवर में आउट हो गए, लेकिन यशस्वी जायसवाल का बल्ला किसी के रोके नहीं रुक रहा था. वो 32 गेंद में 77 रन बनाकर नाबाद लौटे. कप्तान रियान पराग ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए, लेकिन 10 गेंद में 20 रन बनाकर उन्होंने भी समा बांधा.स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने एक ही ओवर में 22 रन लुटा दिए. दीपक चाहर ने भी 22 रन दिए, वहीं जसप्रीत बुमराह ने भी 10 से ज्यादा इकोनॉमी रेट से रन लुटाए.**

**7 अप्रैल 2026 की तारीख वैभव सूर्यवंशी को सदा के लिए याद रहेगी. इसी दिन IPL में उन्होंने पहली बार जसप्रीत बुमराह का सामना किया और उनकी पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर क्रिकेट जगत को स्तब्ध कर दिया. मुंबई के लिए पारी का पहला ओवर दीपक चाहर ने फेंका, जिसमें उन्होंने 22 रन लुटा दिए थे. दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी करने आए और सामने थे वैभव सूर्यवंशी. बुमराह एकदम स्लॉट पर गेंद फेंक बैठे और सूर्यवंशी ने लॉन्ग-ऑन की दिशा में गगनचुंबी छक्का लगा दिया.**

### ▶ स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल | 77 | 32 | 10 | 4 |
| वैभव सूर्यवंशी | 39 | 14 | 1 | 5 |
| ध्रुव जुरेल | 2 | 3 | 0 | 0 |
| रियान पराग | 20 | 10 | 1 | 2 |
| हेटमायर | 6 | 7 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त रन 6, कुल रन 150/3**

**मुंबई गेंदबाजी:** दीपक चाहर 1-0-22-0, जसप्रीत बुमराह, 3-0-32-0, ट्रेंट बोल्ट 1-0-22-0, हार्दिक पंड्या 2-0-17-0, शार्दूल ठाकुर 2-0-36-1, अल्लाह गजनफर 2-0-21-2

**मुंबई इंडियंस**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रायन | 8 | 4 | 0 | 1 |
| रोहित शर्मा | 5 | 6 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव | 6 | 3 | 0 | 1 |
| तिलक वर्मा | 14 | 10 | 2 | 0 |
| हार्दिक पंड्या | 9 | 6 | 2 | 0 |
| नमन धीर | 25 | 13 | 3 | 1 |
| शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड | 25 | 8 | 2 | 2 |
| शार्दूल ठाकुर | 8 | 7 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर | 6 | 5 | 1 | 0 |
| ट्रेंट बोल्ट | 1 | 2 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह | 5 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त रन 11, कुल रन 123/9**

**राजस्थान रॉयल्स गेंदबाजी:** जोफ्रा आर्चर 2-0-17-1, नंद्रे बर्गर 2-0-21-2, संदीप शर्मा 3-0-26-2, तुषार देशपांडे 2-0-29-1, रवि बिश्नोई 2-0-25-2



# ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग फिर से वनडे रैंकिंग में टॉप पर

**दुबई, 07 अप्रैल. ऑस्ट्रेलिया के कैरेबियन दौरे के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत अलाना किंग आईसीसी महिला वनडे बॉलिंग रैंकिंग में फिर से टॉप पर पहुंच गई हैं. किंग ने सेंट किट्स में अपने आखिरी मैच में पांच विकेट लिए, जिससे मंगलवार को जारी ताज़ा रैंकिंग में वह इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से आगे निकल गईं.**

इस लेग-स्पिनर (753) ने मार्च में रैंकिंग में टॉप पर एक्लेस्टोन के लगभग चार साल के दबदबे को खत्म कर दिया था, हालांकि पिछले हफ्ते की रैंकिंग में वह इंग्लैंड की इस लेफ्ट-आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर से पीछे रह गई थीं. 30 साल की इस खिलाड़ी ने बासेटेरे के वार्नर पार्क में 5/19 (10) के शानदार आंकड़े के साथ मैच खत्म किया. उन्होंने 44 डॉट गेंदें फेंकीं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत हासिल की और 3-0 से सीरीज़ अपने नाम कर ली. आईसीसी के अनुसार, उनके इस प्रदर्शन की बदौलत वह ऑलराउंडर रैंकिंग (281) में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गईं और इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट को पीछे छोड़ दिया. वहीं दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड की बल्लेबाज़ों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ में उनके बल्ले से खूब रन निकले.

**मैडी ग्रीन अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 642 पर पहुंच गईं और चार स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर आ गईं. एमी केर, जिन्होंने बेसिन रिज़र्व में 139 गेंदों पर 179 रन बनाकर इतिहास का सबसे बड़ा महिला ODI चेज पूरा किया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर पहुंच गईं. एमी अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद मारिज़ैन कैप से भी आगे निकल गईं. उनके इस प्रदर्शन में तीसरे वनडे में न्यूज़ीलैंड की जीत के दौरान 2/37 का बॉलिंग प्रदर्शन भी शामिल था.**

# भारत को पहला स्वर्ण

▶ **पलक और मुकेश ने विश्व चैंपियनों को चौंकाया**

**ग्रेनाडा (स्पेन), 7 अप्रैल. भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल अभियान की धमाकेदार शुरुआत की. पलक और मुकेश नेलावल्लि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम फाइनल में विश्व चैंपियन चीन के हू काई और कियानशुन को हराकर स्वर्ण पदक जीता.**

यह मुकाबला मंगलवार को लास गाबियास शूटिंग रेंज में खेला गया. 20 वर्षीय भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 487.7 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर किया, जबकि 21 वर्षीय चीनी जोड़ी 484.8 तक ही पहुंच सकी. हंगरी की वेरोनिका मेजर और आकोस कारोली नागी की जोड़ी ने 414.9 के साथ कांस्य पदक जीता.इस जीत को और खास बनाता है कि मुकेश का यह सीनियर टीम में पदार्पण था. इस जोड़ी ने अपने प्रदर्शन से जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया.

**एशियन गेम्स की पूर्व चैंपियन पालक ने मुकाबले के बाद कहा, 'हम वही कर पाए जो करने आए थे. यह टीम के रूप में हमारी पहली प्रतियोगिता थी. हमारे पास फाइनल के लिए स्पष्ट रणनीति थी और हम शॉट दर शॉट अपने खेल पर ध्यान दे रहे थे. 'मुकेश ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हमने मजा किया. मैं तो असल में पलक से ही मुकाबला कर रहा था.**

# मीनाक्षी और जैस्मीन का जलवा

## छह महिला मुक्केबाज फाइनल में

**उलानबटार, 7 अप्रैल एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में भारत का शानदार अभियान जारी रहा, जिसमें कुल आठ मुक्केबाज-छह महिलाएं और दो पुरुष-फाइनल में पहुंच गए.**

मंगलवार को महिलाओं के सेमीफाइनल में मीनाक्षी और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया, पुरुषों की श्रेणी में विश्वनाथ सुरेश और सचिन ने अपने दमदार प्रदर्शन से इस संख्या को और बढ़ाया. महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, मीनाक्षी ने थाईलैंड की थिप्सत्चा योदवारी पर 4:1 से आत्मविश्वास भरी जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में अपनी जगह पक्की कर ली.

फाइनल में उनका साथ देते हुए, जैस्मीन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में उज्बेकिस्तान की निगीना उक्तामोवा को एक कड़े मुकाबले में 3:2 के फैसले से हराया.



पुरुषों के वर्ग में, विश्वनाथ सुरेश (50 किलोग्राम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुथैफा एशिश को 5:0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया. सचिन (60 किलोग्राम) ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड के सकदा रुआमथम पर 4:1 से ठोस जीत दर्ज कर सभी को प्रभावित किया.

## अमीनुल इस्लाम की अगुवाई वाला बोर्ड भंग

**ढाका, 7 अप्रैल.** बंगलादेश की नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड को चलाने के लिए 11 सदस्यों वाली एक एड-हॉक कमेटी बनाने का फ़ैसला किया है. यह फ़ैसला अमीनुल इस्लाम बुलबुल की अगुवाई वाले बोर्ड को भंग करने के बाद लिया गया, जिसे एनएससी ने पिछले बोर्ड चुनाव में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ियों का कारण बनाया था. 11 सदस्यों वाली एड-हॉक कमेटी: अध्यक्ष: तमीम इक़बाल ने पहले ही रिपोर्ट किया था कि मौजूदा बोर्ड के इस हफ़्ते के भीतर भंग होने की संभावना है, और एनएससी एक एड-हॉक कमेटी बनाने की तैयारी में है. एनएससी के एक अधिकारी ने यह भी संकेत दिया था कि इस कदम के संबंध में आईसीसी के साथ बातचीत चल रही है.

**आईपीएल** गुप्त ऑपरेशन में 28 टिकट बरामद; 7,000 तक बेचे जा रहे थे

# टिकट पर कालाबाज़ारी सीसीबी का शिकंजा

**बेंगलुरु, 7 अप्रैल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान टिकटों की कालाबाज़ारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन नेटवर्क के जरिए मैच टिकटों को कई गुना अधिक कीमत पर बेच रहे थे. इस कार्रवाई में 28 टिकट भी बरामद किए गए हैं, जिन्हें ब्लैक मार्केट में ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा था.**

**11 आरोपी गिरफ्तार**



पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह के अनुसार, अधिकारियों को सूचना मिली थी कि आईपीएल मैचों के दौरान कुछ लोग टिकटों की अवैध बिक्री में सक्रिय हैं. ये लोग खासतौर पर लोकप्रिय टीमों के मुकाबलों के टिकटों को निशाना बना रहे थे, जहां मांग अधिक रहती है. इस इनपुट के आधार पर सीसीबी ने एक गुप्त अभियान चलाया, जिसके बाद यह कार्रवाई संभव हो सकी. जांच में सामने आया कि आरोपी बेहद सुनियोजित तरीके से काम कर रहे थे. उन्होंने छोटे-छोटे समूह बना रखे थे, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके. इसके अलावा, कई मामलों में बिचौलियों का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे असली संचालकों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था. कुछ टिकट कथित तौर पर अंदरूनी स्रोतों या थोक आवंटन के जरिए हासिल किए जाते थे और फिर उन्हें ब्लैक मार्केट में भेज दिया जाता था.

**पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिन टिकटों की मूल कीमत 1,000 से 1,500 रुपये के बीच थी, उन्हें 5,000 से 7,000 रुपये तक में बेचा जा रहा था. मांग और मैच की लोकप्रियता के आधार पर कीमतें तय की जाती थीं. खासकर बड़े मुकाबलों के दौरान यह अवैध गतिविधि तेजी से बढ़ जाती है, जिससे आम दर्शकों के लिए टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है. इस तरह की कालाबाज़ारी का असर सीधे क्रिकेट प्रेमियों पर पड़ता है, जो वैध तरीके से टिकट खरीदना चाहते हैं.**

**भारत की अंडर17 महिला टीम सोची में रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी**

**नयी दिल्ली.** भारत की अंडर17 महिला टीम सोची में 11, 14 और 17 अप्रैल को रूस के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी. मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यों की टीम की घोषणा की है. 'यंग टाइग्रेस', जो एएफसी अंडर 17 महिला एशिया कप चीन 2026 की तैयारी कर रही हैं, सोमवार देर रात सोची पहुंचीं. पिछले महीने, वे मेजबान टीम के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलने के लिए यंगून गई थीं, और दोनों मैच जीते थे (2-0 और 3-2). वापसी के बाद, कोंटी की टीम ने बेंगलुरु में अपना ट्रेनिंग कैंप जारी रखा. सूज़ौ में होने वाले एशिया कप में, भारत ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (2 मई), जापान (5 मई) और लेबनान (8 मई) का सामना करेगा.

# सिंधु और लक्ष्य करेंगे भारत की अगुवाई

**सात्विक-चिराग हटे**

**नयी दिल्ली, 7 अप्रैल दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में भारत की पदक की उम्मीदों की अगुवाई करेंगे.**

2026 की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप लगातार तीसरी बार है जब यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता निंगबो में आयोजित की जा रही है. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अब तक दो बार एशियाई चैंपियन का खिताब जीता है. दिनेश खन्ना 1965 में पुरुषों के एकल (सिंगल्स) चैंपियन बने थे, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2023 में पुरुषों के युगल (डबल्स) का खिताब जीता था. देश के शटलरों ने इस प्रतियोगिता में कई कांस्य पदक भी जीते हैं. सात्विक-चिराग को इस बार के टूर्नामेंट में खेलना था, लेकिन सात्विक के कंधे में चोट लगने के कारण उन्होंने आखिरी समय पर टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया. हरिहरन अमसकारुणन-एमआर अर्जुन और पृथ्वी केआर-साई प्रतीक के, निंगबो में पुरुषों के युगल वर्ग में भारत की ओर से दोहरी चुनौती पेश करेंगे. पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु, जो महिलाओं की एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 13वें स्थान पर हैं.

